JAIPUR METRO

JAIPUR METRO RAIL CORPORATION LIMITED

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा केवल छोटी चौपड़ का चांदपोल बाजार की तरफ से वाहनों का प्रवेश बंद किया गया है। छोटी चौपड़ से चांदपोल बाजार की तरफ बरामदों के सहारे 75 मीटर की दूरी तक बैरिकेडिंग लगाई गयी है परन्तु इन दुकानों तक भी बरामदों के द्वारा आवागमन पूर्णतः यथावत रूप से खुला है। चांदपोल व पूरा चांदपोल बाजार जिसमें अन्य संबंधित बाजार भी शामिल हैं जैसे कि खजाने वालों का रास्ता, नाहरगढ़ रोड इत्यादि पूर्ण रूप से खुले हुए हैं एवं सभी दुकानें यथावत खुली हुई हैं। जो भी ग्राहक खरीदारी करना चाहे वह आ सकता है। मेट्रो द्वारा किसी दुकान को बंद नहीं किया गया है। मेट्रो द्वारा जारी निर्माण कार्य से ग्राहकों के लिये किसी भी दुकान तक आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न नहीं हुई है एवं सभी लोग खरीदारी हेतु सुगमता से आ जा सकते हैं।

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं

जयपुर मेट्रो धरोहर भवनों एवं संरक्षित स्थलों की संरक्षा और सुरक्षा के प्रति पूरी तरह सजग है और तकनीकी विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर कार्य करता है।